योगी के दावे पर आंकड़ों की मुहर

देश में प्रदेश को दूसरा स्थान दिलाने में निवेश मित्र की बड़ी भूमिका

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : निवेशकों व उद्यमियों के बीच यूपी की छवि बदलने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बार-बार किए गए दावे पर भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) ने भी मुहर लगा दी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में यूपी को देश में दूसरा स्थान मिला है। 2017-18 की तुलना में दस पायदान की ऊंची छलांग के पीछे औद्योगिक सुधार के लिए उठाए गए 186 कदम हैं, जिनमें बहुत अहम है सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र।

प्रदेश की कमान संभालने के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल कर लिया था। सरकार, निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नियम-नीतियों में संशोधन करती रही। सरकारी दावे के मुताबिक डीपीआइआइटी ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए कुल 187 सुधारात्मक कदम सुझाए थे, जिनमें से यूपी सरकार ने 186 को लागू किया। इन सुधारात्मक कदमों में सबसे अहम सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र को माना जा रहा है।

दरअसल, पिछले दो वर्षों में अनापत्ति/लाइसेंस के 2,29,936 प्रकरणों में से 94 फीसद मामले निवेश मित्र के माध्यम से निस्तारित किए गए। साथ ही सभी 75 जिलों में ईज ऑफ डूइंग की रैंकिंग भी शुरू कराई गई।

जनता, निवेशकों और उद्यमियों को बधाई

इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री ने जनता, निवेशकों और उद्यमियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में अभूतपूर्व सुधार की यह उपलब्धि सभी के सहयोग से संभव हुई है। प्रदेश के समग्र औद्योगिक विकास के लिए उद्यमियों, निवेशकों और उद्योगपतियों को अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं।

योगी आदित्यनाथ ● जागरण आर्काइव

योगी ने कहा कि इन परिणामों से साबित हो गया कि प्रदेश सरकार के इन समस्त प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश निवेशकों और कारोबारियों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यूपी को अग्रणी राज्य बनाएंगे।

टीम वर्क से जीता उद्यमियों का भरोसा : महाना

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना का कहना है कि तकनीकी सुविधा और बेहतर नीतियों से हम उद्यमियों-निवेशकों का भरोसा जीतने में सफल रहे, जिससे यूपी निवेश का पसंदीदा डेस्टिनेशन बना। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टंडन, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार और इनवेस्ट यूपी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी नीना शर्मा ने भी विभागीय प्रयासों का उल्लेख करते हुए रैंकिंग को उद्यमियों का भरोसा बताया।

सतीश महाना ● जागरण आर्काइव